बिहार सरकार

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग

कतरन संख्या ....

तिथि 201

समाचार-पत्र का नाम .... दैनिक भास्कर

प्रकाशन तिथि .... 13 JUN 2020 ....

मंत्री/अपर मुख्य सचिव/आयुक्त

.... विभाग

के अवलोकनार्थ

सहायक निदेशक (प्रेस)

डाटाबेस तैयार कर रहा पुलिस मुख्यालय

पांच हजार पुलिसकर्मियों का चुनाव से पहले तबादला संभव

पॉलिटिकल रिपोर्टर | पटना

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिसकर्मियों के तबादले से लेकर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। सभी जिलों के एसपी को पुलिसकर्मियों का डाटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया गया है। इनमें वैसे पदाधिकारियों व कर्मियों होंगे, जो एक जिले या विधानसभा क्षेत्र में 3 साल या उससे अधिक समय से पदस्थापित हैं।

एडीजी मुख्यालय जितेंद्र कुमार ने भी पुलिसकर्मियों का जिलास्तर पर डेटाबेस तैयार करने की पुष्टि की। सूत्रों का मानना है कि इस बार के चुनाव में 3 साल या अधिक समय से एक ही जगह तैनात करीब 3000 से 5000 पुलिसकर्मियों का तबादला संभव है। इनमें इंस्पेक्टर और दारोगा से लेकर अन्य स्तर के पुलिसकर्मी शामिल होंगे। बिहार में कुल पुलिसकर्मियों की संख्या करीब 85 हजार है, जिनमें इंस्पेक्टर और दारोगा करीब 20 हजार हैं।

चार एसपी व तीन आईजी भी हो सकते हैं इधर से उधर

पटना | विधानसभा चुनाव में फील्ड में तैनात कई पुलिस अधीक्षकों का भी तबादला संभव है। इनमें 4 एसपी ऐसे हैं, जो अपने जिले में 3 साल की अवधि पूरी कर रहे हैं। इनमें अररिया की एसपी धुरत सायली सबलाराम, सारण के हर किशोर राय, जहानाबाद के मनीष कुमार व खगड़िया की मीनू कुमारी शामिल हैं। वहीं आईजी स्तर के अधिकारियों में अमित कुमार जैन, डॉक्टर केके सिंह और अनिल किशोर यादव भी 3 साल की अवधि पूरी कर चुके हैं।

(एच० आर० श्रीनिवास)

बि०स०मु० (सूचना एवं जनसम्पर्क)-1-ऑफसेट-2,00,000-6.9.2018